THE TIMES OF INDIA

Date: 06-10-16

# Make Good Teachers

### *Instead of obsessing over board exams, invest obsessively in teacher training*

A big UPA education innovation was making Class X CBSE board exams optional, plus instituting a Continuous and Comprehensive Evaluation alongside a no-fail policy up to Class VIII. De-stressing students and minimising drop-out rates were some of the main goals. While welcome success has been seen on both these fronts, in recent years clamour has grown against an unfortunate side-effect. Various states have been complaining of a significant decline in learning outcomes. So they have been asking the Centre to revoke the no-fail policy and also make the Class X CBSE exams compulsory again. But such exam-obsessed approaches won't improve learning outcomes.

If systems of assessment have declined, this means a widespread failure to implement Continuous and Comprehensive Evaluation as mandated by RTE. But this is not a failure of the students so why should they be punished? It doesn't serve India well if governments just keep playing ping pong with education, one party reversing the policy of the other party after taking power. The real solution lies in improving assessment and accountability systems, which largely translates into improving teacher recruitment and training.

From more than 90% of aspirants failing the central Teacher's Eligibility Test year after year to teacher absenteeism touching as high as 40% in the poorest states to the prevalence of English teachers who just can't speak English, all around there are signs that teacher recruitment and training are in terrible shape in India. Rather than obsessing over exams for students let's focus on setting standards for teachers, having a system that rewards the good ones, and equipping teachers with modern pedagogical tools to teach critical thinking rather than rote lessons. Only two things will truly de-stress students: good teachers and better opportunities after they graduate.

---

Date: 06-10-16

# For A Banking Renaissance

### *How to set up bad bank to manage stressed assets*



The idea of the government taking the initiative to set up a bad bank merits attention and careful analysis. To start with, what is the objective in setting up a bad bank? Second, what are the constraints in the current setup, i.e. one without a bad bank? Finally, what features should the bad bank possess so that such constraints can be overcome?

Though obvious, policymakers must clearly state the objective in setting up a bad bank. In my opinion, instead of muddling

the bad bank with multiple objectives, the government must state clearly that the bad bank is being set up "to bring back the vitality of the Indian banking sector at the least cost to the taxpayer."

Why is a banking sector without a bad bank incapable of fulfilling this objective? First, managing stressed assets requires specialised expertise which is sporadically dispersed across several different banks. Second, senior managers in the public sector banks are forced to devote the lion's share of their attention to managing the stressed assets in their portfolio. As a result, public sector bank managements are unable to pay adequate attention to their normal business, which is to screen borrowers, originate new loans and monitor these loans. No wonder the Indian banking sector is in deep slumber when it comes to new lending activity.

Third, public sector banks face several legal and institutional restrictions in managing stressed assets. Take for instance the possibility of action by the Central Vigilance Commission (CVC) or Central Bureau of Investigation (CBI). With any stressed asset, a bank faces the problem that the current value of the asset is significantly lower than the payment that the promoter of the firm owes the bank. If the bank does not write down the value of its claim, the promoter has no incentive to exert effort in improving the value of the stressed asset. However, in the current setup, bank management cannot take the judgment calls to write down such claims.Enhancing the value of the stressed assets involves significant uncertainty. Inevitably, some judgment calls will go wrong. If bank management anticipates that CVC/CBI will not distinguish between bad judgment and malafide intent, then a fear psychosis paralyses it.

Finally, given the stressed assets in their portfolios and the need to provide capital for them, banks are short of capital required for initiating new loans.To remove all these constraints, the bad bank should be set up as a private equity fund where the government holds less than 50% equity stake. First, the bad bank can draw experts in managing and restructuring bad assets from several banks to create a crack team. Second, this structure will free the bad bank from external vigilance emanating from CVC/CBI. Instead, the bad bank should have its own internal vigilance department.Internal vigilance enforcement is more likely to use information gathered within the organisation to assess employee integrity and reputation. As a result, when compared to investigations by external agencies, internal vigilance is less likely to either err by not identifying a dishonest employee or by unfairly targeting an honest employee. Resolution of cases – both enforcement actions against the dishonest and dropping actions against the honest – is also quicker with internal vigilance.

Third, if government holds less than 50% equity stake, the bad bank will not be constrained on employee compensation. This feature is extremely important if the bad bank initiative is to succeed. Expertise in managing and restructuring bad assets is uncommon and therefore needs to be rewarded adequately. It is therefore critical to structure the bad bank as a private equity fund where employees can be compensated adequately for their specialised expertise. Use of equity-based compensation is a common practice in private equity. To provide strong incentives to employees, this needs to be implemented in the bad bank as well.

Fourth, the proposed structure will provide room for private investors to participate in the equity of the bad bank. Apart from reducing the amount of taxpayer money that the government has to cough up as capital for the bad bank, this structure can reduce the risks incurred by the government as well.More importantly, the governance benefits from such private investor participation would be enormous. Private investors will be able to provide independent pricing and market information for purchases of distressed assets from the banks. Neither bureaucrats nor politicians have the expertise to price the distressed assets.

Moreover, by providing private investors board seats that are commensurate with their equity stake, the governance of the bad bank can be significantly enhanced. Experts appointed on the board of the bad bank by private investors would be able to monitor the management carefully. The government and RBI should, however, ensure that no promoter for business house that is involved in any of the stressed assets gets to be an investor in the bad bank. This can easily be achieved by RBI implementing the fit and proper criteria.

A well-structured bad bank would enable the existing banks to renew their focus on their long-term core operations without the ongoing distraction of troubled assets. Free of the troubled assets, the existing banks

can expect restored investor and market confidence. This will in turn enable them to raise capital more easily and at more affordable rates. Bureaucrats and policymakers must grasp the benefits inherent in structuring the bad bank as a private equity fund with less than 50% government equity.

**Krishnamurthy Subramanian The writer is Associate Professor of Finance at the Indian School of Business.**

---

दैनिक जागरण

**Date: 06-10-16**

# सुशासन की अनूठी पहल

साउथ ब्लॉक में प्रधानमंत्री कार्यालय के पास ही एक छोटा सा कमरा। लंबाई करीब 15 फुट और चौड़ाई लगभग 12 फुट। पहली नजर में आपको शायद इसका अहसास नहीं होगा कि यह वह कमरा है जहां से लाखों करोड़ की योजनाओं का भविष्य तय होता है। यह अनुभव करना है तो फिर हर महीने के आखिरी बुधवार का इंतजार करना होगा। ऐसे ही एक दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कुछ वरिष्ठतम अधिकारियों के साथ कमरे में आते हैं। सामने की ओर कुछ स्क्रीन लगी हुई हैं। प्रधानमंत्री बहुत गौर से उन स्क्रीन्स की ओर देख रहे होते हैं। वर्षों से लंबित परियोजनाओं पर केंद्र से लेकर राज्य तक के बीच एक साथ चर्चा होती है और प्रधानमंत्री फैसला करते हैं कि आगे क्या करना है। इसी कमरे से अब तक लगभग आठ लाख करोड़ रुपये की 136 परियोजनाओं की समीक्षा हो चुकी है। दरअसल यह छोटा सा कमरा मोदी सरकार के कामकाज के तौर-तरीके का दर्पण है। एक छोटी सी घटना से शुरूआत करूं तो आपको इसका अहसास हो जाएगा कि राज्यों पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। एक बार जब 'प्रगति' की बैठक चल ही रही थी तो म्यांमार में एक मध्यम दर्जे का भूकंप आया। बैठक के अंत में उत्तर-पूर्वी राज्यों के मुख्य सचिव, जिनमें से कुछ ने स्वयं यह भूकंप महसूस किया था, उस समय हैरान रह गए जब प्रधानमंत्री ने उनसे पूछा कि क्या अब तक उन्हें इससे हुए नुकसान की कोई सूचना मिली? उक्त मुख्य सचिव हैरत में थे कि बैठक के बीच भी प्रधानमंत्री म्यांमार में आए भूकंप के उत्तर पूर्वी राज्यों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर सतर्क थे। जाहिर है कि प्रगति की बैठक से पहले सभी राज्यों के मुख्य सचिव भी पूरी तरह सतर्क होते हैं। खैर, साउथ ब्लॉक में बैठक हो उससे पहले कुछ किलोमीटर दूर नेशनल इनफार्मेटिक्स सेंटर यानी एनआइसी के मुख्यालय में अधिकारियों व तकनीशियनों का एक दस्ता काम में जुटा होता है। वे भारत सरकार के हर विभाग के सचिवों, सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के कार्यालय को साउथ ब्लॉक के इस छोटे से कमरे को वीडियो-कांफ्रेंस से जोड़ने की तैयारी कर रहे होते हैं। इस अनूठी वीडियो कांफ्रेंस का मकसद है 'प्रगति' यानी प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन। यह प्रधानमंत्री की एक खास पहल है। 'प्रगति' संवादमूलक एक अनूठा प्लेटफॉर्म है। इसका उद्देश्य है आम जनता की शिकायतों का समाधान करना और साथ ही भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और परियोजनाओं के अतिरिक्त राज्य सरकारों की परियोजनाओं की भी निगरानी और समीक्षा करना। यह तीन स्तरीय प्रणाली है, जिसके हिस्से पीएमओ, केंद्र सरकार के सचिव और राज्यों के मुख्य सचिव हैं। प्रगति एप्लीकेशन की डिजाइनिंग इस तरह की गई है कि प्रधानमंत्री द्वारा संबंधित विषय की समीक्षा करते समय स्क्रीन पर उससे संबंधित सूचनाएं, ताजा अपडेट और संबंधित विजुअल उपलब्ध होते हैं। प्रधानमंत्री इस माध्यम से अब तक 15 बार बैठक कर चुके हैं। पिछली बैठक 28 सितंबर को हुई, जिसमें प्रधानमंत्री ने राजस्थान, असम, मेघालय, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र,

ओडिशा, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर में सड़क, रेलवे और बिजली क्षेत्र में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने आयकर विभाग द्वारा शिकायतों के निपटान का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से अधिक से अधिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की सलाह देते हुए शिकायतों का त्वरित निपटान सुनिश्चित करने पर बल दिया। दूसरे शब्दों में कहें तो 'प्रगति' के रूप में की गई पहल का मकसद है परियोजनाओं के क्रियान्वयन में रुकावटें दूर करना, देरी को कम करना और किसी भी मामले में सरकार की विशेष पहल की समीक्षा करना। यह मोदी सरकार के सहयोगात्मक संघवाद की दिशा में भी एक कदम है, क्योंकि यह केंद्र और राज्य सरकारों के उच्चतम अधिकारियों को एक मंच पर लाता है और महत्वपूर्ण निर्णयों में केंद्र और राज्यों की सहभागिता को सुनिश्चित करता है। मोदी सरकार का टीम इंडिया का संकल्प केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग की इसी भावना पर आधारित है। इस माध्यम से प्रधानमंत्री विभिन्न मुद्दों पर केंद्र और राज्यों के संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा कर सकते हैं और साथ ही जमीनी हकीकत की ताजा जानकारी भी ले सकते हैं। भारत में शासन के लिहाज से यह एक अभूतपूर्व पहल है। यह ई-गवर्नेंस और गुड गवर्नेंस का भी एक अभिनव उदाहरण है, जिसके मूल में है विश्वसनीय शिकायत निवारण का तंत्र और समय पर परियोजनाओं को पूरा करने का प्रधानमंत्री का संकल्प। एक शुरुआती बैठक में प्रधानमंत्री ने 'प्रगति' के बारे में कहा था कि इस बैठक का उद्देश्य विभिन्न सरकारी विभागों के बीच बनी हुई उन दीवारों को तोड़ना है जो निर्णय लेने में बाधा बनती हैं। 'प्रगति' की बैठकों में बुनियादी ढांचे से संबद्ध परियोजनाओं से जुड़े कई जटिल मुद्दों का समाधान निकाला गया है। इन परियोजनाओं में ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर, इलाहाबाद-हल्दिया जल मार्ग विकास परियोजना, मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक और चेन्नई व हैदराबाद मेट्रो परियोजनाएं शामिल हैं। कई महत्वपूर्ण और लंबे समय से अटकीं रेलवे लाइनों का काम आगे बढ़ा है। इनमें कुछ उत्तर-पूर्व और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी हैं। हाल में ही 1981-82 से लंबित नांगल-डैम तलवारा रेल लाइन की समीक्षा की गई और प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि इस प्रकार की देरी से परियोजनाओं की लागत बढ़ने से देश का कितना नुकसान होता है। प्रधानमंत्री बार-बार यह कहते रहे हैं कि एक परियोजना के क्रियान्वयन में जो देरी होती है वह देश पर आर्थिक बोझ डालने के साथ ही अन्य भावी परियोजनाओं का रास्ता रोकने का भी काम करती है। लगभग हर 'प्रगति' बैठक में सामाजिक क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी जन-समस्याएं, केंद्र सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं, सेवानिवृत्त सैनिकों की समस्याएं, उपभोक्ताओं की शिकायतें, डाक सेवाओं में विलंब, पासपोर्ट मिलने में देरी इन सभी विषयों पर चर्चा हुई है। कभी-कभी प्रधानमंत्री जन-शिकायतों के निपटारे में देरी पर अफसरों की खिंचाई भी करते हैं। अक्षय ऊर्जा से जुड़े नए प्रोजेक्ट, उनकी रफ्तार, उनके असर पर भी 'प्रगति' की बैठक में कई बार बात की गई है। इतना ही नहीं, 'प्रगति' के माध्यम से अफगानिस्तान, म्यांमार, और भूटान सहित पड़ोसी देशों में चल रहे प्रोजेक्टों की भी समीक्षा हुई है। 'प्रगति' बैठकों का एक और पहलू है सर्वोत्तम कार्य-व्यवस्थाओं का आदान-प्रदान। पिछले वर्ष ओडिशा में नव कलेवर उत्सव की तैयारियों का जायजा लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे ही बड़े उत्सव अगले कुछ महीनों में दूसरे राज्यों में भी होने वाले हैं जिनमें भारी संख्या में लोग एकत्रित होंगे। प्रधानमंत्री ने इन सभी राज्यों को कहा कि वे अपनी योजनाओं और तैयारियों की जानकारी एक दूसरे को दें, जिससे राज्य एक दूसरे की सर्वोत्तम पहलों को अपने राज्य में अपना सकें।

**[ लेखक प्रशांत मिश्र, दैनिक जागरण के राजनीतिक संपादक हैं ]**

**Date: 06-10-16**

# बढ़ते शहर, बिगड़ते हालात

पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश ने एक बार पुन: हैदराबाद को जलमग्न कर दिया है। लगभग यही हाल मुंबई का भी है। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं जब हमने देश की राजधानी दिल्ली और उभरते भारत के प्रतीक कहे जाने वाले गुड़गांव को सिर्फ कुछ ही घंटों की बारिश में डूबते देखा था। जब देश की अर्थव्यवस्था के केंद्र महानगरों के यह हालात हैं तो बाकी शहरों की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। वहां तो वैसे भी बिन बारिश सड़कें और गलियां पानी से भरी रहती हैं। समस्या दरअसल आजादी के बाद शहर निर्माण के तौर-तरीकों की है। हकीकत यह है कि आजादी के बाद चंडीगढ़ को छोड़कर कोई भी शहर योजनाबद्ध तरीके से नहीं बसाया गया है और पुराने शहरों को भी अनियोजित तरीके से विस्तृत होने दिया गया। प्रक्रिया यह होती है कि शहर की परियोजना पहले बनती है और उसी के आधार पर आधारभूत ढांचे जैसे जल निकाय, सड़क, गैस पाइपलाइन, बिजली का निर्माण होता है और फिर जाकर व्यावसायिक और आवासीय इमारतों की बुनियाद रखी जाती है, परंतु भारत में ठीक इसका उलटा होता है। पहले एक हिस्से पर अनधिकृत कालोनी बन जाती है और उसके बाद चुनाव के समय उन्हें कानूनी जामा पहनाने की होड़ लगती है। उसके बाद बिजली के तार लगते हैं, सड़क और नालियां बनती रहती हैं। यह हाल महानगरों से लेकर छोटे शहरों और कस्बों तक दिखाई पड़ता है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर यह स्थिति क्यों उत्पन्न हुई है? भारत के शहर शहर कम और झुग्गी-झोपड़ियों का जमघट ज्यादा क्यों दिखते हैं? क्या कारण है कि राजधानी दिल्ली तक में आज भी रहने योग्य स्थल वही हैं जो ब्रिटिश बना गए थे।

यह समस्या सिर्फ भ्रष्टाचार की ही नहीं हैं। अपितु इसके कई पहलू हैं। सर्वप्रथम देश की सरकारी संस्थाएं और नौकरशाही में शहरों के निर्माण और उनके प्रबंधन की क्षमता का अभाव है। शहरों के बढ़ते आकार, जटिल अर्थव्यवस्था और तीव्रगति से बदलते प्रौद्योगिकीय परिवेश के कारण शहरों के प्रशासन में विशेषज्ञता की आवश्यकता है, परंतु शहरी प्रशासन अभी भी पुराने ढांचे पर चल रहा है। न ही इसे चलाने वाली नौकरशाही इस कार्य के लिए प्रशिक्षित है। यह मानना ही हास्यास्पद है कि सिर्फ एक सामान्य परीक्षा पास कर सरकारी विभागों में चयनित होने से कोई शहर जैसे जटिल पारिस्थितिकी तंत्र को चलाने के काबिल हो जाता है, खास तौर पर वे जिनका शहर प्रबंधन से संबंधित विषयों की कोई पृष्ठभूमि ही न हो। दूसरा प्रमुख कारण है अपेक्षित संस्थागत तंत्र का अभाव। आर्थिक सुधारों के करीब 25 साल गुजर जाने के बाद भी अभी तक शहरी प्रशासन की रीति-नीति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। यह अभी भी लालफीताशाही और पिछली शताब्दी के अधिनियम में ही फंसा हुआ हैं। यह समस्या आज के समय और भी पेचीदा हो जाती है जब तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के सामने पुराने नियम-कानून बेमानी होते जा रहे हैं। उदाहरण के लिए दिल्ली सरकार और तकनीक आधारित ओला और उबर जैसी टैक्सी सर्विस के बीच चल रहा विवाद है। इंटरनेट और स्मार्टफोन ने टैक्सी सर्विस का पूरा बाजार ही कुछ सालों में बदल दिया है, परंतु इससे जुड़े अधिनियम बदलते परिवेश से कदमताल मिलाने में असमर्थ रहे हैं। इन्हीं नियमों को आधार बनाकर केजरीवाल सरकार नई तकनीक को गैरकानूनी बताते हुए उन्हें पुराने ढर्रे पर चलने को मजबूर करना चाहतीहै। यही समस्या स्मार्ट सिटी की परियोजना में भी है। भवन निर्माण, इंजीनियरिंग इत्यादि की तकनीक हर कुछ साल में बदल रही है, परंतु शहरों के नियम और निर्माण संबंधित मानक जैसे सामग्री, सुरक्षा मानक क्या हों, निर्माण की तकनीक क्या हो, अभी भी आदिम काल के ही चल रहे हैं। इंडस्ट्री के मानक और सरकारी मानक अलग हैं, जिसके कारण निर्माण कार्यों में न तो नई सोच या डिजाइन और न ही नई उन्नत तकनीक आ पा रही है।

शहरों के अधिनियम और मानक को सामयिक बनाने में हम आखिर क्यों असफल रहे हैं, इसका एक महत्वपूर्ण कारण विकेंद्रीकरण का अभाव है। हर शहर दूसरे से अलग होता है। सभी पर एक ही समान नीति या मानक लागू नहीं किए जा सकते। सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री के केंद्र बेंगलुरू और कार इंडस्ट्री के केंद्र औरंगाबाद की शहरी विकास से संबंधित आवश्यकताएं अलग-अलग हैं। न सिर्फ उनके आर्थिक ढांचे अलग हैं, बल्कि वहां रहने वाली जनसंख्या के समीकरण और उनकी मांगें भी अलग हैं। ऐसे में दोनों जगह होने वाले शहरी विकास का स्वरूप एक जैसा नहीं हो सकता। उन्हें अपनी नीति, अधिनियम बनाने की स्वतंत्रता होनी चाहिए और इसके लिए स्थानीय निकायों के ज्यादा अधिकार होने चाहिए। परंतु इस स्तर पर संस्थागत क्षमता और नौकर शाही में विशेषज्ञताका औरभी अधिक अभाव है। आज आवश्यकता यह है कि शहरी प्रशासन में संरचनात्मक सुधार किए जाएं। प्रशासन चलाने वालों की चयन प्रक्रिया में परिवर्तन हो, जिसमें शहरी प्रबंधन और समस्याओं से संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को वरीयता दी जाए। स्थानीय निकायों का अधिकार क्षेत्र और वित्तीय स्वतंत्रता के साथ-साथ निर्णय लेने का दायरा भी बढ़ना चाहिए। आज के प्रसंग में संस्थागत सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसे पांच या दस साल में एक बार होने वाला अभ्यास नहीं बनाया जा सकता है। इसका मुख्य कारण प्रौद्योगिकीय परिवर्तन है, जिसकी गति बढ़ती ही जा रही है और जिसके कारण शहरों की अर्थव्यवस्था और उत्पादन प्रक्रिया भी हर कुछ साल में बदल रही है। आज विश्व की 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी शहरों में रह रही है। भारत में भी यह संख्या 33 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और आने वाले 25 सालों में करीब 30 करोड़ लोगों के गांव छोड़कर शहरों में बसने का अनुमान है। जाहिर है कि शहरों के प्रबंधन और विकास को अगर अभी भी गंभीरता से नहीं लिया गया तो आने वाला समय और कष्टकारी साबित होने वाला है, जिसकी झलक अभी से ही दिख रही है। चाहे वह बिखर चुका कानपुर हो, डूबता हैदराबाद हो या फिर प्रदूषण, गंदगी और अत्यधिक जनसंख्या घनत्व के कारण हर दो महीने पर एक नई महामारी से जूझती दिल्ली हो।

**[ लेखक अभिनव प्रकाश सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं ]**

---

दैनिक भास्कर

**Date: 06-10-16**

# मराठा आंदोलन के पीछे छिपी कड़वी हकीकत

महाराष्ट्र में मराठों के 'मूक मोर्चा' के सिलसिले ने राजनीतिक नेतृत्व को हिलाकर रख दिया है और हाथी व चार दृष्टिहीनों की कहानी की तरह नीति-निर्माता और अर्थशास्त्री ऐसे कारण खोजने में लगे हैं, जो इतने विशाल पैमाने पर लोगों के सड़कों पर उतर आने की व्याख्या कर सकें। इसे कोई भी नाम दें, लेकिन इस मूक विद्रोह की जड़ें खेती में जारी संकट से है।खेती धीमी और निरंतर गति से खत्म हो रही है। इस संकट को देखने का एक तरीका तो किसानों की आत्महत्या की संख्या में वृद्धि है। मुझे जहां तक याद आता है महाराष्ट्र के विदर्भ या मराठवाड़ा से ही किसानों की आत्महत्याओं ने राष्ट्रीय सुर्खियां बनाई हैं। इसके पीछे एक बड़े रोग के लक्षण छिपे हैं, जिनकी सुविधाजनक रूप से अनदेखी की जा रही है। मामले का यह अप्रिय पक्ष न जाने कैसे छिपा ही रह गया है।

कृषि का सुनियोजित विनाश ही उन जाति आधारित विरोध प्रदर्शनों में सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग की वजह है, जो हमने हाल में देखे हैं- महाराष्ट्र में मराठा, गुज़रात में पाटीदार, राजस्थान में गुर्जर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में जाट और कर्नाटक में लिंगायत आदि। किंतु मराठा क्रांति मोर्चा अन्य जाति आधारित विरोध प्रदर्शनों से अलग इस मायने में हैं कि ये शांतिपूर्ण प्रदर्शन हैं और अब तक इनका कोई चेहरा नहीं है। जाति के आधार पर एकजुट होने के बावजूद सड़कों पर इतने बड़े पैमाने पर लोग तब तक नहीं उतर सकते जब तक कि पूरे समुदाय में क्रोध की लहर न चल रही हो। अहमदनगर के कोपार्डी में 13 जुलाई को मराठा लड़की से दुष्कर्म की घटना ने ट्रिगर का काम किया, लेकिन सारे विरोध-प्रदर्शकों को जोड़ने वाला कारण आर्थिक हताशा ही है।

चूंकि महाराष्ट्र में खुदकुशी करने वाले 90 फीसदी मराठा समुदाय से हैं और महाराष्ट्र ऐसी घटनाओं के मामले में शीर्ष पर है, अाइए देखें कि वहां कृषि का अर्थशास्त्र कितना विनाशकारी रहा है। बेहतर समझ के लिए मैंने कमीशन फॉर एग्रीकल्चरल कास्ट एंड प्राइसेस (सीएसीपी) की ताजा रिपोर्ट पर कृषि आमदनी का स्तर जानने के लिए निगाह डाली। महाराष्ट्र की कृषि योग्य जमीन के मोटेतौर पर 4.5 हिस्से पर गन्ना है, जो लगभग 71 फीसदी भूजल पी जाता है। आइए देखें कि शेष 96 फीसदी किसानों का क्या हाल है। धान में प्रति हैक्टेयर शुद्ध प्राप्ति 966 रुपए हैं यानी यदि मासिक आधार पर गणना करे तो यह 300 रुपए महीना होता है। रागी की खेती में तो महाराष्ट्र के किसान को प्रति हैक्टेयर 10,674 रुपए हानि होती है। इसी तरह मूंग और उड़द में क्रमश: 5,873 व 6663 रुपए हानि होती है। यहां तक कि जिस कपास की खेती का बड़ा प्रचार किया जाता है और जिसके लिए विदर्भ जाना जाता है, उसमें शुद्ध आमदनी मात्र 2,949 प्रति हैक्टेयर है। कपास को जून में बोया जाता है और इसकी फसल अक्टूबर में आती है। कपास चुनने का काम नवंबर, दिसंबर और जनवरी तक भी चलता है। ऐसे में औसत प्रति हैक्टेयर आमदनी मात्र 700 रुपए होती है। मुझे आश्चर्य होता है कि मनरेगा में काम करने वाले श्रमिक से भी कम आमदनी पर महाराष्ट्र का किसान इतने बरस अपना वजूद कैसे बनाए रख सका।

इसलिए महाराष्ट्र में उपजे रोष का औचित्य है। जो महाराष्ट्र के लिए सही है, वही गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित शेष देश के लिए भी सही है, जहां हाल ही में आरक्षण के लिए व्यापक प्रदर्शन देखे गए हैं। उसी मराठा, जाट व पाटीदार समुदायों के राजनीति व बिज़नेस में प्रभुत्व स्थापित करने वाले एक फीसदी तबके की चमक-दमक व ताकत के पीछे 99 फीसदी आबादी की कड़वी हकीकत छिपी रह जाती है। वर्ष 2016 के आर्थिक सर्वे के मुताबिक देश के 17 राज्यों में कृषि परिवारों की औसत वार्षिक आय मात्र 20 हजार रुपए है यानी औसत मासिक आय सिर्फ 1,667 रुपए है।

देश की 130 करोड़ की आबादी में आधा हिस्सा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। इतने बड़े तबके की लगातार उपेक्षा ने ही इस असंतोष को जन्म दिया है। खेती आर्थिक रूप से व्यावहारिक न होने से इससे जुड़े पेशे भी खत्म हो रहे हैं। इस पर यह कि चिकित्सा व स्वास्थ और शिक्षा सेवाएं निजी क्षेत्र में जाने के कारण महंगी होकर किसान की पहुंच के बाहर हो गई हैं। कई अध्ययनों ने दर्शाया है कि काफी हद तक ग्रामीण संपन्न परिवार किसी के गंभीर बीमार होने से गरीबी में चले गए। एक ऐसे समय जब सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं संसाधनों की कमी से जूझ रही हैं, स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण का सबसे बड़ा आर्थिक बोझ गरीबों पर ही पड़ रहा है। शिक्षा भी पहुंच के बाहर हो गई है। महाराष्ट्र के यवतमाल के छोटे किसान के ग्रेजुएट पुत्र 22 वर्षीय गोपाल बाबाराव राठौड़ ने सुसाइड नोट में प्रश्न पूछा है, जो हमें त्रुटिपूर्ण आर्थिक नीतियों की याद दिलाता है। अगस्त के अंतिम सप्ताह में खुदकुशी करने वाले गोपाल ने बताया है कि कैसे शहरों के किस्मत के धनी युवाओं की तरह ग्रामीण युवाओं की भी हसरतें होती हैं। वह पूछता है, 'एक शिक्षक का

बेटा इंजीनियर बनने के लिए आसानी से 1 लाख रुपए दे सकता है, लेकिन मुझे बताएं कि किसान का बेटा इतनी फीस कैसे दे सकता है?' उसने आगे कहा, 'ऐसा क्यों है कि वेतनभोगी कर्मचारी को बिना मांगे महंगाई भत्ता मिलता है, जबकि किसानों को उनकी उपज की उचित कीमत तक नहीं दी जाती?'

युवा छात्र के मर्मभेदी प्रश्नों की ज्यादा दिनों तक उपेक्षा नहीं की जा सकती। स्कूल टीचर हो या पटवारी सरकारी नौकरी आर्थिक सुरक्षा मुहैया कराती है और आरक्षण की मांग की यही वजह है। यदि किसी चपरासी को सारे भत्तों के साथ प्रतिमाह 18 हजार रुपए मिलते हैं तो किसान को यह पूछने का पूरा हक है कि आमदनी में समानता से उसे क्यों वंचित किया जा रहा है। इसलिए मराठों के प्रदर्शन को जान-बूझकर निर्मित की जा रही आर्थिक विषमता के नतीजे के रूप में भी देखा जाना चाहिए। विरोध प्रदर्शन चाहे मौन हो, लेकिन इसका संदेश इतना प्रखर है कि उसे दरकिनार नहीं किया जा सकता। मराठा प्रदर्शन सहित देशभर में समय-समय पर होने वाले व्यापक विरोध प्रदर्शनों में एक बड़े सामाजिक-आर्थिक संकट के सारे तत्व मौजूद हैं। इसकी उपेक्षा करना, पूरे देश को खतरे में डालने के बराबर है।

**देविंदर शर्मा (ये लेखक के अपने विचार है)**
**पर्यावरणविद और कृषि विशेषज्ञ**

---

THE ECONOMIC TIMES

**Date: 06-10-16**

# Add clean air to Swachh Bharat goals

Many of India's cities, including Delhi, continue to be among the most lethally polluted metropolises in the world, despite rising public concern and increased awareness among policymakers. Air pollution has emerged as the largest environment risk factor, responsible, according to a recent study by the World Health Organisation, for the three million deaths worldwide. In India, studies suggest that air pollution resulted in a three-year reduction in the lifespan of 660 million people.




Clean air must become part of the Swachh Bharat campaign. High level of pollutants not only damage health but also contribute to global warming. Effective policy and regulatory interventions are called for. The absence of robust data has hampered efforts to improve air quality. The government must strengthen the capacity to monitor air quality through roll-out of standardised methods, and use of reliable and good quality instrumentation. Pollution control boards need to put in place a system of regular apportionment studies to identify and monitor sources of pollution. It would help assess the impact of existing interventions, and design interventions that yield positive results. There is a need to invest in research on the impact and health burden of different kinds of pollutants, to improve the efficacy of policy measures. Reliable data is key.

Effective interventions to improve air quality call for concerted and collaborative action by governments at all levels. A regional approach that involves experts across disciplines needs to be adopted. There is no silver bullet. Identify a basket of measures, ranging from denser urbanisation to minimise commutes and better

public transport to energy efficiency and clean fuels. Monitor and assess the effects of interventions, relentlessly, to recalibrate those interventions.

---

बिज़नेस स्टैंडर्ड

**Date: 06-10-16**

# जीवन को आसान बना देगी कृत्रिम बुद्घिमता!

**हमें उन क्षेत्रों को चिह्निंत करना चाहिए जिनमें कृत्रिम बुद्घिमता का फायदा उठाकर व्यापक परिवर्तन लाए जा सकते हैं। विस्तार से जानकारी दे रहे हैं अजित बालकृष्णन**

तकनीक की दुनिया एक और बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। जैसा कि ऐसे मौकों पर होता है, पूरा माहौल नए बदलाव के एकदम खिलाफ है। बीबीसी ने ब्रिटेन के सर्वोत्तम वैज्ञानिकों में से एक प्रोफेसर स्टीफन हॉकिंस के हवाले से कहा है कि यह नया बदलाव मानव जाति के अंत की गाथा लिख सकता है। अन्य लोगों का रुख इससे उलट है और उनका दावा है कि नया बदलाव कामकाज की नीरसता खत्म करेगा, शिक्षा की पहुंच बढ़ाएगा, बुजुर्गों के जीवन को बेहतर करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सस्ता करेगा। यह नई तकनीक है कृत्रिम बौद्घिकता।

शायद कृत्रिम बौद्घिकता शब्द सुनकर आपको लगेगा कि यह भी शायद कोई भारी भरकम लगने वाला शब्द होगा जिसे सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लोगों ने अपना काम निकालने के लिए तैयार किया होगा ताकि उनके काम को अहमियत मिले। वास्तव में तकनीकी कारोबार से जुड़े संगठन अपनी प्रेस विज्ञप्तियों में वर्ड प्रोसेसिंग, ई-मेल, सोशल नेटवर्किंग जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं और इस बीच वादा किया जाता है कि दुनिया जल्दी ही एक बेहतर, व्यावहारिक और कम गंदी जगह होगी जहां काम को अधिक सक्षम ढंग से पूरा किया जा सकेगा। इस बीच श्रम और श्रमिकों के समर्थन का दम भरने वाले बौद्घिक कहते रहेंगे कि ऐसा करने से समाज में रोजगार की भयंकर कमी एक साथ देखने को मिलेगी। इसका व्यापक और बुरा प्रभाव पड़ेगा। वर्ष बीतते जाते हैं और पता चलता है कि नए आविष्कार ने हमारे आसपास की दुनिया में कुछ बदलाव अवश्य किए हैं।

मिसाल के तौर पर टाइपराइटर की जगह अब लैपटॉप ने ले ली। हालांकि टाइप तो यहां भी करना पड़ता है। ई-मेल भी टाइप करके भेजना होता है लेकिन उसके सामने वाले पक्ष तक पहुंचने की गति सामान्य पत्र की तुलना में बहुत तेज है। गपशप का सिलसिला अब केवल करीबी पड़ोसियों के साथ ही नहीं बल्कि ऐसे लोगों के साथ भी चल सकता है जिनका हम नाम भर जानते हों और जो दुनिया के दूसरे छोर पर रहते हों। इसके अलावा तो सबकुछ पहले जैसा ही है। हमें इन तकनीक की बदौलत कोई ऐसा बड़ा बदलाव होता नहीं दिखता जिसका दम इनके समर्थक भरते हैं। ऐसे में कृत्रिम बुद्घिमता को लेकर कही जाने वाली चामत्कारिक बातों को भी शंका की दृष्टिं से देखा गया। ऐसा इसलिए क्योंकि सन 1950 के दशक से ही इसे और इसके संभावित असर को लेकर तमाम तरह के दावे किए जाते रहे हैं। सवाल उठता है कि अगर ऐसा है तो फिर न्यूयॉर्क टाइम्स और द टेलीग्राफ जैसे बड़े समाचार पत्र इसमें अपना स्वर क्यों मिला रहे हैं? न्यूयॉर्क टाइम्स ने हाल ही में लिखा कि कृत्रिम बुद्घिमता पर नियंत्रण की होड़ शुरू हो चुकी है। उसने विशेषज्ञों के हवाले से कहा कि जो भी इस होड़ का विजेता होगा वह सूचना प्रौद्योगिकी के अगले चरण पर राज करेगा।

